# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला–बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001

**Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar**

Dharampura-2, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode 494001

Telephone 07782-229884, Web: www.smkvbastar.ac.in E-mail-exambastar@gmail.com.


क्रमांक./ 745 /श.म.क.वि.वि/परीक्षा/गोपनीय/2026 जगदलपुर, दिनांक 11 / 06/2026

## //अधिसूचना//

### मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एम.बी.ए.) प्रवेश परीक्षा – 2026

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर द्वारा व्यावसायिक प्रबंधन अध्ययनशाला के अंतर्गत संचालित मास्टर ऑफ बिजनेश एडमिनिस्ट्रेशन (एम.बी.ए.) प्रोग्राम के लिए सत्र 2026–27 में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाना है। एम.बी.ए. प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन निम्नानुसार आमंत्रित किये जाते हैं :–

| क्र. | आवेदन विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ तिथि | 15.06.2026 से |
| 02 | ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि | 30.06.2026 तक |
| 03 | प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि | 04.07.2026 |
| 04 | एम.बी.ए. प्रवेश परीक्षा (संभावित तिथि) | 11.07.2026 |
| 05 | परीक्षा केन्द्र | एम.बी.ए. अध्ययनशाला, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर |

**टीप:–** परीक्षा परिणाम घोषणा, समूह चर्चा एवं साक्षात्कार, अंतिम प्रावीण्यता सूची एवं संस्था स्तर पर प्रवेश की तिथि के संबंध में अलग से सूचित किया जायेगा।

### (01) प्रवेश परीक्षा के लिए पात्रता :–

1.1 किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम से कम 50% अंकों (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 45%) के साथ किसी भी विषय में स्नातक की उपाधि अथवा स्नातक अंतिम वर्ष में अध्ययनरत अभ्यार्थी आवेदन कर सकते हैं।

1.2 अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/दिव्यांग तथा अन्य ऐसे वर्ग/संवर्ग के लिए आरक्षण छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग के नियमानुसार लागू होगा।

1.3 प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदक अपनी अर्हता का परीक्षण करें। मात्र ऑनलाइन आवेदन करने अथवा परीक्षा में सम्मिलित होने से आवेदक प्रवेश के लिए अर्ह नहीं होगा।

### (02) ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया हेतु महत्वपूर्ण निर्देश :–

2.1 विश्वविद्यालय के वेबसाईट http://www.smkvbastar.ac.in में Examination → Examination Form → Apply → M.B.A Entrance Exam पर Click कर ऑनलाईन पंजीयन करें।

2.2 आवेदक एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट के वेबसाईट https://www.abc.gov.in के माध्यम से स्वयं का ABC ID बनाकर ऑनलाईन पंजीयन आवेदन में दर्ज करें।

2.3 पंजीयन पश्चात् आवेदक के रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त होगा। जिसे Student Login में क्लिक कर पुनः लागिंन करेंगे।

2.4 My Applications में जाकर New Applications → Select Programme and Colloge → submit and proceed → Personal Information पर चाही गई समस्त जानकारी सही–सही दर्ज करें एवं Save & Continue बटन पर Click करें।

2.5 Education Information में जाकर उत्तीर्ण परीक्षा की जानकारी Add करेंगे।

2.6 Upload Photo and Signature में क्लिक कर आवेदक अपना नवीनतम रंगीन, पासपोर्ट साईज फोटो एवं हस्ताक्षर जो 100 KB तक का हो, अपलोड करें।

2.7 Preview and confirm में क्लिक कर भरे गये सम्पूर्ण जानकारी का अवलोकन करें एवं किसी प्रकार का त्रुटि होने पर सुधार करें।

2.8 समस्त जानकारी सही होने पर Proceed to Payment पर क्लिक कर आवेदन शुल्क 100/– रू. (सौ रूपये मात्र) का भुगतान पश्चात् आवेदन की प्रिंट आउट प्राप्त कर सुरक्षित रखें।

2.9 किसी भी परिस्थिति में प्रवेश परीक्षा शुल्क वापस नहीं होगा।

## (03) प्रवेश परीक्षा :–

3.1 लिखित परीक्षा का पैटर्न बहुविकल्पीय प्रश्न (Multiple Choice Question) होगा।

3.2 परीक्षा का समय दो घंटे का होगा।

3.3 कोई नकारात्मक अंक नहीं होगा।

3.4 एम.बी.ए. प्रवेश परीक्षा के प्रश्न अंग्रेजी माध्यम में होंगे।

3.5 चयनित उम्मीदवारों को समूह चर्चा और साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

3.6 अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश पत्र की छायाप्रत्रि एवं पहचान पत्र जैसे की आधार कार्ड, वोटर आई–डी, पैनकार्ड, ड्रायविंग लायसेंस इत्यादि की मूल प्रति के साथ ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश करें।

3.7 नीला/काला बाल पेन ही उपयोग करें। प्रवेश परीक्षा निर्धारित समय पर प्रारंभ होगी। अभ्यर्थी परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व अपना स्थान ग्रहण कर लें। परीक्षा प्रारंभ होने के बाद परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

3.8 परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व अभ्यर्थी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षार्थी के पास, उसकी सीट पर अथवा सीट के निकट, कोई अवांछनीय सामग्री नहीं है। अनुचित साधनों का प्रयोग में लाना दण्डनीय होगा।

3.9 परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण आदि लाना पूर्णतः वर्जित है।

3.10 प्रवेश परीक्षा का परिणाम या मेरिट सूची विश्वविद्यालय वेबसाईट www.smkvbastar.ac.in पर अपलोड किया जायेगा।

**टीप :– परीक्षा हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम अनुसूची –1 में संलग्न है।**

## (04) एम.बी.ए. प्रोग्राम में प्रवेश :–

4.1 प्रावीण्य सूची में उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं का प्रवेश, उनके द्वारा प्रस्तुत प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, (मूल प्रवजन प्रमाण पत्र, स्थानांतरण प्रमाण पत्र एवं चरित्र प्रमाण पत्र, गेप यदि हो) ABC ID, आवश्यकतानुसार जाति, निवास, आय प्रमाण पत्रों का सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण करने पर ही संभव होगा।

4.2 प्रमाण पत्र में किसी भी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर अभ्यार्थी का प्रवेश निरस्त किया जावेगा।

**4.3** विश्वविद्यालय को यह अधिकार होगा कि वह प्रमाण पत्रों की जाँच स्वतः करें अथवा अन्य एजेंसियों से करवाएं। प्रमाण पत्र में किसी भी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर विद्यार्थी का प्रवेश निरस्त किया जावेगा तथा छात्र द्वारा जमा कोई शुल्क वापस नहीं किया जावेगा।

**4.4** एम.बी.ए. प्रवेश परीक्षा में समान अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों में से अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को प्रवेश में वरीयता दी जायेगी।

## (05) अन्य महत्वपूर्ण निर्देश :—

5.1 उपरोक्त उल्लेखित नियम / निर्देश में परिवर्तन संभव है।

5.2 प्रवेश से संबंधित किसी भी विवाद में विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा।

5.3 एम.बी.ए. प्रवेश परीक्षा में प्रवेश से संबंधित छत्तीसगढ़ राज्य शासन, उच्च शिक्षा विभाग के समय—समय पर जारी किसी विधि संबंधी विवाद की स्थिति में छत्तीसगढ़ के माननीय उच्च न्यायालय (बिलासपुर) के क्षेत्राधिकार तक ही सीमित रहेगा।

5.4 प्रवेश परीक्षा से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के लिए विश्वविद्यालय के वेबसाइट www.smkvbastar.ac.in का अवलोकन करते रहें।

**कुलसचिव**
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय,बस्तर
जगदलपुर (छ.ग.)

पृ.क्रमांक / 746 / परीक्षा / गोपनीय / श.म.क.वि.वि. / 2026 जगदलपुर, दिनांक 11 / 06 / 2026

प्रतिलिपि :—

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के सचिव, राजभवन, रायपुर।
2. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन नया, रायपुर (छ.ग.)।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक—सी द्वितीय तल, तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर (छ.ग.)।
4. माननीय कुलपति महोदय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर को सूचनार्थ सम्प्रेषित।
5. क्षेत्रिय अपर संचालक, उच्च शिक्षा, बस्तर संभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. विभागाध्यक्ष, व्यावसायकि प्रबंधन अध्ययनशाला, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. आई.सी.टी. सेल शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर की ओर सूचनार्थ एवं अधिसूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट में अपलोड करने हेतु प्रेषित।
8. जनसंपर्क अधिकारी, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
9. कार्यालय प्रति।

**सहायक कुलसचिव (परीक्षा / गोपनीय)**
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर (छ.ग.)